हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 12 अगस्त 2026

[अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

3 251 फीट लंबे तिरंगे के साथ निकली तिरंगा यात्रा

10वीं-12वीं पास, स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें

विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

B.M. COLLEGE

B.Ed.

कोड-114336

काउंसलिंग अंतिम तिथि 12/08/26

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

9340311314, 9098849923

9303893829, 9300850065

ननि की सामान्य सभा में आमने-सामने हुए पक्ष-विपक्ष

वायरल ऑडियो को लेकर बवाल : हंगामे के बाद विपक्ष ने किया सदन की कार्रवाही का बहिष्कार

सामान्य सभा की बैठक में सत्ता एवं विपक्ष के बीच जम कर हुई तीखी नोक-झोंक।

नोक-झोक के बाद विपक्ष द्वारा सामान्य सभा की बैठक का बिहष्कार कर जाते पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

मंगलवार को नगर निगम के सामान्य सभा की बैठक हंगामेदार रही। कला केंद्र मैदान के आबंटन को लेकर कथित वायरल ऑडियो के जांच की मांग विपक्ष ने उठाई जिसके बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान ननि नेता प्रतिपक्ष ने सत्ता पक्ष पर संख्या बल के आधार पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया तो वहीं महापौर ने महिला होने के नाते उन्हें प्रताड़ति करने का आरोप लगाया और बोलते हुए अपनी आसंदी से आगे निकल आई। इस दौरान लोनिवि प्रभारी ने उन्हें आगे बढने से रोका। दोनों पक्षों के बीच चली तीखी बहस के बीच सदन को आधे घंटे के लिए स्थगित करना पड़ा लेकिन इसके बाद भी फिर से बोलने का मौका नहीं मिलने पर विपक्ष ने सामान्य सभा का बहिष्कार कर दिया। ननि के इतिहास में संभवतः पहली बार ऐसा हुआ है कि विपक्ष सत्ता पक्ष के बर्ताव से असंतुष्ट होकर सदन का बहिष्कार करे। बड़ी बात यह है कि विपक्ष के सदन से बाहर निकलने के बाद भी सदन की कार्रवाई जारी रही और सत्ता पक्ष ने सर्व सम्मति से ▶▶शेष पेज 4 पर

खास बात

- विपक्ष ने संख्या बल के दम पर आवाज दबाने का आरोप

साबित हुआ कि ऑडियो पूर्ण रूप से सत्य : शफी

इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए शफी अहमद ने कहा कि एक तरफ आवेदन देकर जांच की मांग की जाती है और दूसरी तरफ रोकने का प्रयास हो रहा है। आज प्रमाणित हो गया कि वह आडियो पूर्ण रूप से सत्य है जिसके कारण ये हम लोगों को बोलने नहीं दे रहे। सत्ता पक्ष के द्वारा संख्या बल के आधार पर आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। जांच की हम बात कर रहे है कि अगर आप निष्पक्ष और ईमानदार हो तो सर्व सम्मति से एक प्रस्ताव एसपी को भेजिए और एक महीने का समय दिया जाए और एक महीने के अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट सार्वजानिक की जाए ताकि आम जनता को पता चल सके। यदि हम बात को बोल रहे है तो यानी अंबिकापुर शहर की जनता विपक्ष के माध्यम से उस बात को बोल रही है। उन्होंने कहा कि महापौर द्वारा चहुंमुखी विकास की बात की जा रही है और आंकड़ों को पेश किया जा रहा है जबकी शहर की जनता त्राहि त्राहि कर रही है। शहर में आधे सड़क बत्ति बंद पड़े है। बड़े बड़े बात करने वाले लोग सडक बत्ती तक नहीं जला पा रहे है, सडक के गड्ढे तक नहीं भरे जा रहे है। लोनिवि प्रभारी मनीष सिंह द्वारा बैठक ली गई जिसके बाद पार्षदों की उम्मीदें जगी कि बैठक हुई है तो काम भी होगा, उसके बाद एसडीओ के द्वारा कमिश्नर को फ़ाइल पेश किया गया कि दस लाख रूपए का डस्ट लग्न है तो उस फ़ाइल को वापस कर दिया जाता है तो इसका मतलब यह है कि सत्ता पक्ष या तो काम कराने में सक्षम नहीं है या अधिकारियों के पास पैसा नहीं है। इस बात को ना बताकर बड़ी बड़ी बात कर रहे है। स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित करने का काम कर रहे है, जगह जगह कचरों का ढेर दिखाई दे रहा है। अंबिकापुर ननि की पहचान देश दुनिया में बनी है वहां कचरे का ढेर दिखाई दे रहा है सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा दिख रहा है, इसको व्यवस्थित नहीं कर पा रहे, प्लेसमेंट कर्मचारियों को चार महीने से वेतन नहीं मिला, उनके बच्चों का स्कूल खुल गया ड्रेस, कॉपी-किताब खरीदना है और उसके लिए भी संवेदनशीलता नहीं है सत्ता पक्ष के पास।

झगड़ा करने का प्रयास : अहमद

ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि महापौर जिस तरीके से जवाब दे रही थी ऐसा लग रहा था जैसे झगडा करने का प्रयास कर रही थी। अपनी सीट को छोड़कर कुश्ती लड़ना चाहती है, इस तरह की स्थिति बना रही थी। यह दुर्भाग्य पूर्ण और अंबिकापुर ननि के लिए शर्मनाक है। लोकतंत्र में इस तरीके की व्यवस्था ननि अंबिकापुर में हम लोग पहली बार देख रहे है, इस वयवस्था को देखते हुए हम दुखी है। पुनः बैठक में हम विपक्ष को भी तीन मिनट बोलने का देने की मौका मांग रहे थे, हमे भी अपनी बात रखने का अधिकार है, विपक्ष आपको सही चीज की जानकारी देता है, आप तो सत्ता में मदमस्त हो चुके है। आपको बैठक में कोई सुनवाई नहीं करना है, आज विपक्ष की दबाने की आवाज को दबाने का काम कर रहे है विपक्ष को सम्मान देना नहीं जानते भाजपा के लोग। उन्होंने कहा कि जो एजेंडे लाए गए है उसे देखकर लगता है कि विकास से इनका कोई सरोकार नहीं है। आम जनता की तकलीफों, परेशानियों से कोई लेना देना नहीं। उनके एजेंडे दूकान नामान्तरण, हस्तांतरण, नीलामी, ट्रैफिक सिग्नल लगाने की बात की गई है। चौक चौराहों का नाम बदल रहे है, एक चौक का नाम मीशा बंदी चौक रखने वाले है, कुछ दिन बाद भाजपा चौक रख देंगे, महापुरुषों के नाम से चौक चौराहों का नाम कारन होता है यह गलत परम्परा की शुरुआत कर रहे है।

पहले स्थगन फिर बहिष्कार

बैठक के दौरान हंगामे को देखते हुए ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी द्वारा आधे घंटे के लिए सभा को स्थगित कर दिया गया। इस दौरान आरोपों को लेकर पक्ष और विपक्ष के पार्षद एक दूसरे के आमने सामने तक आ गए। आधे घंटे बाद सभा फिर से शुरू हुई तो ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने फिर से ऑडियो का मुद्दा उठाया और मांग करी कि जिस तरह महापौर को तीन मिनट का समय दिया गया उसी तरह हमें भी बोलने के लिए तीन मिनट का मौका दिया जाए लेकन इस दौरान सत्ता पक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया जिसके बाद विपक्ष ने सदन की कार्रवाई और सामान्य सभा का बहिष्कार कर दिया और बाहर निकल आए। हालांकि दस मिनट बाद ननि लोनिवि प्रभारी मनीष सिंह और वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे उन्हें मनाने के लिए पहुंचे और समझाने का प्रयास किया लेकिन विपक्ष ने अपमान का आरोप लगाते हुए सदन की कार्रवाई में शामिल होने से इनकार कर दिया।

बहिष्कार के बाद भी जारी रही बैठक

कांग्रेस पार्षदों के बहिष्कार के बाद भी नगर निगम के सामान्य सभा की कार्रवाई जारी रही। इस दौरान प्रश्न काल के साथ ही विभिन्न विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पास किए गए। जिसे लेकर ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि अगर विपक्ष नहीं है तो ये चर्चा किस्से करेंगे, सत्ता पक्ष तो रोज बैठकर चर्चा करती है। सामान्य सभा की बैठक में विपक्ष के पार्षदों को मौका मिलता है ताकि वे अपनी परेशानियों, शहर की समस्याओं को रख सके। आज हमारा दिन था, सत्ता पक्ष तो रोज महापौर से मुलाकत करती है। आवाज को दबाने का प्रयास किया गया। हम घर घर तक अपनी आवाज पहुंचाएंगे, सडक पर लड़ाई लड़ेंगे।

महापौर ने कहा-महिला समझकर हरासमेंट ना किया जाए

बैठक के दौरान विपक्ष के आरोपों का जवाब देने के लिए उठी महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि सामान्य सभा की बैठक विकास कार्यों के लिए बुलाई गई है लेकिन विपक्ष जिस भयावह तरीके से आक्रामक हो रहा है यह सही नहीं है। हमने ऑडियो की जांच के लिए आवेदन दिया है और जांच चल रही है। विपक्ष को विकास के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है। 15 महीने के कार्यकाल में 100 करोड़ के विकास कार्य कराए जा रहे है। ट्रैफिक समस्या और सड़कों के विकास के लिए कार्यों का प्रस्ताव है और दर स्वीकृति के लिए सदन में लाया गया है। डामर के क्राइसेस के कारण काम नहीं हो सके लेकिन 10 करोड़ का टेंडर करके रखा हुआ है। महामाया कारीडोर, सौन्दर्यीकरण के कार्यों का जल्द ही भूमिपूजन किया जाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक महिला को नोचने का काम विपक्ष कर रहा है जबकि 48 वार्डों में विपक्ष की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों का प्रस्ताव दिया गया और स्वीकृति मिली है जबकि नगर निगम में कांग्रेस की दस वर्षो की सरकार के दौरान गड्ढे तक नहीं भर पाए थे। उन्होंने कहा कि महिला समझकर हैरासमेंट ना किया जाए। हम मान रहे है कि शहर में पानी की किल्लत हुई है लेकिन ग्रेविटी पाइप लाइन का काम कराया जाएगा। दो पानी टंकियों का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही महापौर श्रीमती भगत ने विपक्ष के पार्षदों पर भू माफिया का आरोप लगाया। जिसपर ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि व्यक्तिगत प्रहार किया जा रहा है। इसके बाद ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने महापौर को अपनी बात रखने के लिए तीन मिनट का समय दिया।

खबर संक्षेप

हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 को निकलेगी तिरंगा यात्रा रैली

अम्बिकापुर। हर घर तिरंगा अभियान 2026 के अंतर्गत देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 13 अगस्त को अंबिकापुर में तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा रैली दोपहर 3 बजे शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अंबिकापुर से प्रारंभ होगी। तिरंगा यात्रा का निर्धारित रूट शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर महामाया चौक, संगम चौक एवं घड़ी चैक होते हुए गांधी स्टेडियम पहुंचेगा। गांधी स्टेडियम में राष्ट्रगीत के साथ तिरंगा यात्रा रैली का समापन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा में जिले के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट, गाइड, एनसीसी, रेडक्रॉस एवं स्कूली विद्यार्थी निर्धारित गणवेश में अपने-अपने तिरंगे के साथ शामिल होंगे। संबंधित संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित संख्या के अनुसार विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए संस्था के शिक्षकों के नेतृत्व में विद्यार्थियों को तिरंगा यात्रा में शामिल कराएं।

एसजीजीयू शिक्षण विभाग कॉलेजों में प्रवेश 14 तक

अम्बिकापुर। संत गहिरा गुरू विवि के शिक्षण विभागों एवं संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 14 अगस्त निर्धारित की गई है। शिक्षण विभागों में अभी भी कुछ सीटें रिक्त हैं विवि द्वारा पात्र विद्यार्थियों को प्रवेशित विद्यार्थियों के यूजर आईडी को प्रवेश पोर्टल पर वेरिफायड एवं एडमिटेड के रूप में सत्यापित कर लॉक करने को आवश्यक बताया गया है। विवि ने संबद्ध कॉलेजों से 14 अगस्त तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के साथ ही पोर्टल पर आवश्यक प्रक्रिया पूरा करने को कहा है ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश मिल सकें।

साइकिल वितरण से पूर्व गुणवत्ता जांच नहीं कराने पर डीईओ, बीईओ एवं प्राचार्य को नोटिस

बलरामपुर। सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं में प्रवेशित छात्राओं को वितरित की जा रही साइकिलों की गुणवत्ता को लेकर कलेक्टर ने सख्त रूख अपनाया है। विकासखंड बलरामपुर के सेजेस जरहाडीह में साइकिल वितरण के दौरान गुणवत्ता संबंधी मामले पर कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर एवं संबंधित प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर ने संबंधितों को निर्देशित किया है कि बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में वितरित हो रही साइकिलों की गुणवत्ता स्वयं सुनिश्चित कराते हुए दो दिवस के भीतर उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

असम में पदस्थ बीएसफ जवान की संदेहास्पद मौत, पहुंचा पार्थिव शरीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेदम

- गार्ड ऑफ ऑनर के बाद किया गया शहीद जवान का अंतिम संस्कार

असम में पदस्थ बीएसएफ जवान की संदेहास्पद मौत हो गई। कैंप से लापता हुए जवाब का शव दूसरे गांव में एक डबरी के समीप मिला। जवान की मौत के बाद मंगलवार को उनका पार्थिव शरीर गृह ग्राम लाया गया जहां उन्हें बीएसएफ के अधिकारियों ने गार्ड ऑफ ऑनर देने के साथ ही अंतिम विदाई दी। इस दौरान लोगों विधि विधान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। जवान को विदाई देने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

बताया जा रहा है कि बतौली अंतर्गत ग्राम कपाटबहरी निवासी 36 वर्षीय कमलेश केरकेट्टा आ. निर्मल केरकेट्टा बीएसएफ 66 बटालियन में पदस्थ था। कमलेश ने वर्ष 2012-13 में बीएसफ ज्वाइन किया था और वर्तमान में असम के डोबरी किस्तापड़ा स्थित कैंप में पदस्थ था। 6 अगस्त को कमलेश नाईट ड्यूटी से रात 12 बजे वापस अपने कैंप लौटा था। कैंप आने के लगभग 1-2 घंटे बाद वह लापता हो गया था जिसके बाद उसकी तलाश चल रही थी। इस दौरान 7 अगस्त को कंपनी कमांडर ने कमलेश केरकेट्टा की पत्नी ममता केरकेट्टा को फोन कर जवान के लापता होने की सूचना दी थी और उसके खोजबीन की बात कही थी। इस दौरान शनिवार को दोपहर दो बजे कैंप से लगभग एक किमी दूर दूसरे गांव में स्थित एक डबरी के समीप शव मिलने की सूचना मिली थी और बाद में उस शव की पहचान जवान कमलेश केरकेट्टा के रूप में की गई थी। जवान की मौत के बाद बीएसएफ 66 बटालियन के अधिकारी 11 अगस्त को उसका पार्थिव शरीर लेकर गांव पहुंचे। जवान का शव तिरंगे में लिपटकर गांव आया तो लोगों की आंखे नम हो गई। लोगों ने मृतक जवान की पत्नी और परिजन सांत्वना दी। जवान का मंगलवार को गांव में ग़मगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान जवान को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। अधिकारियों ने जवान को शहीद का दर्जा दिया है। हालांकि अब तक उनके मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। जब मृतक जवान की पत्नी ने अधिकारियों से मौत का कारण पूछा तो बताया गया कि इस मामले की जांच चल रही है। पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

रिश्वत लेते पकड़े गए सहायक ग्रेड 2 कर्मचारी सेवा से बर्खास्त

- विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम द्वारा दी गई है 3 वर्ष के कारावास की सजा, बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर क्षेत्र का मामला

अंबिकापुर। एरियर्स भुगतान के नाम पर 12 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकडे गए शिक्षा विभाग के सहायक ग्रेड दो कर्मचारी को जिला शिक्षा अधिकारी ने सेवा से बर्खास्त कर दिया है। डीईओ ने यह कार्रवाई एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा की गई कार्रवाई के मामले में विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा सुनाई गई सजा के बाद की गई है। कोर्ट ने आरोपी सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी रिश्वत लेने के मामले में दोषी मानते हुए 3 वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार रूपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर इंजानी शासकीय उमावि में पदस्थ व बीईओ कार्यालय में संलग्न सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी गौतम सिंह आयम को एंटी करप्शन ब्यूरो ने 13 अगस्त 2024 को 12 हजार रूपए की रिश्वत के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में आरोपी गौतम सिंह आयम को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। जेल भेजने के बाद शासकीय सेवक द्वारा 48 घंटे से अधिक अवधि तक न्यायिक अभिरक्षा में रहने के कारण कलेक्टर के निर्देश पर 21 अगस्त 2024 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। इस मामले में 29 जुलाई को विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा विशेष आपराधिक प्रकरण (भ्रष्टाचार निवारण) में 15 मई निर्णय देते हुए आरोपी को दोषी माना। कोर्ट में यह सिद्ध हुआ कि आरोपी गौतम सिंह आयम द्वारा प्रार्थी नितेश रंजन पटेल से एरियर्स भुगतान के नाम पर 20 हजार रूपए की रिश्वत मांगी गई और 12 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए। कोर्ट ने आरोपी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित अधिनियम, 2018) की धारा 7 के तहत दोषी मानते हुए 3 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रूपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर एक माह के अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया है। डीईओ कार्यालय द्वारा की गई कार्रवाई में यह उल्लेख किया गया है कि गौतम सिंह आयम को न्यायालय द्वारा दोषी मानते हुए सजा दी गई है इसलिए पृथक से विभागीय जांच की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में डीईओ ने छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 10 (9) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा माननीय विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम द्वारा दी गई सजा के आधार पर शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

अब मनेन्द्रगढ़ में जुटेगा प्रदेशभर का व्यापारिक नेतृत्व

मनेन्द्रगढ़। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक इस बार कई मायनों में ऐतिहासिक रही। चेंबर के लगभग 60 वर्ष के इतिहास में पहली बार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक राजधानी रायपुर से बाहर बिलासपुर में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे व्यापारी प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान व्यापार जगत से जुड़े विभिन्न मुद्दों, समस्याओं और सुझावों पर विस्तार से चर्चा हुई।

अनुचित कार्य: महिला होमगार्ड को किया गया कार्यमुक्त

अम्बिकापुर। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदिम जाति कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित विकासखंड उदयपुर में स्थित प्री.मेट्रिक कन्या छात्रावास खम्हरिया का 10 अगस्त 2026 को मंडल संयोजक द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान छात्रावास में निवासरत छात्राओं द्वारा महिला होमगार्ड श्रीमती रविसूर्या राजवाड़े के विरूद्ध शिकायत करते हुए अवगत कराया गया कि महिला होमगार्ड श्रीमती रविसूर्या राजवाड़े द्वारा अपने निजी एवं अनुचित कार्य करवाए जाते हैं। छात्रावास में निवासरत छात्राएं विभागीय संरक्षण एवं देखरेख में रहती है। ऐसी स्थिति में छात्राओं से अपने निजी कार्य करवाना पद की मर्यादा, अनुशासनहीनता एवं छात्राओं के गरिमा के प्रतिकूल है। छात्राओं के हित एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त द्वारा महिला होमगार्ड श्रीमती रविसूर्या राजवाड़े को छात्रावास से तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया गया है।

12 अगस्त
GLOBAL RESEARCH AND FOUNDATION
Certificate for International Excellence
DINESHWAR PARSHAD SONI (D.K. SONI)
स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सरगुजा सोसायटी
फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष, आरटीआई एक्टिविस्ट, समाजसेवी एवं अधिवक्ता
HAPPY BIRTHDAY
डॉ. डी.के. सोनी जी
HAPPY BIRTHDAY
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनायें
मनोज तिवारी
हेमंत तिवारी
पवन पाण्डेय
मो. शाहिद
अरविंद सिंह
मिथलेश सिंह
राकेश सिन्हा
विकास श्रीवास्तव
सोनू सोनी
मनोज सिन्हा
मनोज गुप्ता
राकेश सिंह
संपूर्णाक गुप्ता
विमलेश साहू
दिनेश प्रसाद
मतलुब आलम
विक्रम खलखो
सोनू यादव
नवनीत कुमार सिंह
विनीत : समस्त अधिवक्तागण, जिला - सरगुजा

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का जिला स्तरीय शुभारंभ

मनेन्द्रगढ़। एमसीबी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का जिला स्तरीय शुभारंभ स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ में कलेक्टर संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाकर की गई। इस दौरान अधिकारियों ने बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव, स्वच्छता के महत्व तथा कृमि मुक्ति से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक विकास के लाभों की जानकारी दी।

कुपोषण मुक्ति और स्वच्छता का दिया संयुक्त संदेश

मनेन्द्रगढ़। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 1 से 7 अगस्त तक मनाए गए विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत चैनपुर पंचायत में समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुपोषण मुक्ति के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संयुक्त संदेश दिया गया। इस अवसर पर स्वच्छता विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं एवं हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष चैनपुर सरपंच मीना कुमारी रहीं।

गूंजे भारत माता के जयकारे, सड़क पर उमड़ा देशभक्ति का सैलाब

251 फीट लंबे तिरंगे के साथ निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के नगर पंचायत पटना में 251 फीट लंबे विशाल तिरंगे के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगे को थामे करीब एक हजार नागरिक, बच्चे, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी, शिक्षक और विभिन्न वर्गों के लोग नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। इस दौरान पूरा नगर भारत माता के जयकारों और देशभक्ति के गीतों से गूंज उठा।

यात्रा में विधायक भईयालाल राजवाड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष वसीम खान, सहित भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, केबी जायसवाल, रविशंकर शर्मा, जवाहर लाल गुप्ता, रेखा वर्मा, परमिला सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन में नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण उपाध्याय सहित अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय शिक्षक, पुलिस प्रशासन, व्यापारी संघ और स्कूली बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। 251 फीट लंबे तिरंगे को लेकर निकली यात्रा जब नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी तो जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर इसका स्वागत किया।

अभाविप की 600 फीट विशाल तिरंगा यात्रा

कटगोड़ी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोरिया इकाई सोनहत के संपर्क स्थान कटगोड़ी में 600 फीट विशाल तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। विशाल तिरंगे के साथ निकली इस यात्रा में विद्यार्थियों, युवाओं और अभाविप कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा के माध्यम से राष्ट्र प्रेम, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया गया, तिरंगा यात्रा के दौरान कटगोड़ी का वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंजता रहा। 600 फीट लंबे तिरंगे के साथ निकली यात्रा क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रप्रेम और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया गया, प्रमुख रूप से मौजूद कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र तिवारी, अभाविप विभाग सयोजक प्रदीप यादव जी, जिला विस्तारक अशोक यादव एवं नगर मंत्री विशाल यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला सयोजक बलबीर पुशाम, जिला कार्यसमिति सदस्य नीरज राजवाड़े, सह मंत्री विकास राजवाड़े, रुस्तम यादव, ऋषभ राजवाड़े, सीमा राजवाड़े, विजय राजवाड़े, आरती राजवाड़े साथ ही वेदिका राजवाड़े, गौरव राजवाड़े, सीतल राजवाड़े, आकाश राजवाड़े सहित अभाविप के कार्यकर्ता और विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

मंगलभवन पोड़ी से निकला तिरंगा यात्रा

डोमनहिल। हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को मंगलभवन पोड़ी से बड़ा बाजार तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं महापौर रामनरेश राय के नेतृत्व में निकली यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष चंपा देवी पावले, उपाध्यक्ष राजकुमार बाधामन ,महामंत्री द्वारका जायसवाल, मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनकर, रीत जैन, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, गणेश ठाकुर, प्रेमकांत झा, विधायक प्रतिनिधि राजू नायक, बबलू शर्मा, संजय जैन, दिलीप गुप्ता, मालती, इंदु पानेरियों, कंचन जायसवाल, अर्चना लहरे, विजय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। तिरंगा बाइक रैली की शुरूआत अटल परिसर से अटल बिहारी बाजपेयी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। यात्रा के दौरान दीनदयाल उपाध्याय ,श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा दादू लाहिड़ी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद तिरंगा यात्रा क्षेत्र के हल्दीबाड़ी डोमनहिल गोदरीपारा विभिन्न मार्गों से होते हुए बड़ा बाजार पहुंची। जहां भारत माता एवं अन्य या शहीदों के आकर्षक झांकियां में सजे नन्हें बच्चों का स्वागत स्वास्थ्य मंत्री ने किया इस दौरान जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशन में यह कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित किया जा रहे हैं इस यात्रा में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को यह महसूस करना चाहिए कि देश उसका अपना है और इसे बेहतर बनाने की जिम्मेदारी भी उसकी है। युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उनकी ऊर्जा, प्रतिभा और रचनात्मकता राष्ट्र निर्माण को नई दिशा दे सकती है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी समझें। समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखे।

आज धूमधाम से मनाया जाएगा हरेली का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश के पहले त्योहार के रूप में प्रसिद्ध हरेली पर्व ग्रामीण क्षेत्रों में उमंग, उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया जाता है। कोरिया जिले में भी ग्रामीण अंचलों में हरेली पर्व को आस्था और परंपरा के साथ मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अमावस्या तिथि पर 12 अगस्त को जिलेभर के ग्रामीण क्षेत्रों में हरेली का पर्व उल्लासपूर्वक मनाया जाएगा।

हरेली के दिन किसान अपने गाय-बैलों तथा कृषि कार्य में उपयोग होने वाले हल, कृषि यंत्रों और अन्य औजारों की साफ-सफाई कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे। परंपरा के अनुसार इस दिन बैलों से हल नहीं चलाया जाता है। पूजा के बाद उन्हें चरने के लिए छोड़ दिया जाता है। किसान अच्छी फसल और समृद्धि की कामना के साथ कृषि उपकरणों की पूजा करते हैं। कृषि कार्य के इस महत्वपूर्ण दौर में खेतों में हरियाली छाने लगती है और किसान अच्छी फसल की उम्मीद लगाए रहते हैं। इसी कामना और प्रकृति के प्रति आस्था के साथ हरेली पर्व मनाने की परंपरा चली आ रही है। पर्व के अवसर पर ग्रामीण परिवारों में विभिन्न प्रकार के पारंपरिक पकवान भी बनाए जाते हैं। कोरिया जिले के ग्रामीण अंचलों में हरेली पर विशेष रूप से पूजा-अर्चना की परंपरा देखने को मिलती है। वहीं गेड़ी नृत्य और गेड़ी चढ़ने की परंपरा कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित दिखाई देती है। हालांकि कई गांवों में बच्चे आज भी गेड़ी पर चढ़कर पर्व का आनंद लेते नजर आते हैं।

हरेली के बाद शुरू होगा त्योहारों का सिलसिला

हरेली अमावस्या के बाद सावन माह में त्योहारों का सिलसिला भी जारी रहेगा। आगामी 17 अगस्त को श्रावण शुक्ल पंचमी के अवसर पर नागपंचमी का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन नाग देवता की पूजा-अर्चना करने की परंपरा है। नागपंचमी को लेकर भी गांव-गांव में उत्साह रहता है। इसके बाद आगामी 28 अगस्त को भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन मनाया जाएगा।

न्यायालय-द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

प्रो.नं.-847-26
व्य.वा.प्र.क्र.-07अ/2023
अगामी पेशी तिथि-17/09/2026

मीना तिवारी ..../
वादी

प्रति

सुजीत कुमार तिवारी ...../
प्रतिवादीगण

नोटिस / ईश्तहार

बनामः -

सुजीत कुमार सिंह आ. राघव सिंह जाति राजपुत निवासी शिवधारी कालोनी अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.

आपको नोटिस/ईस्तहार के माध्यम सूचित किया जाता है इस न्यायालय में वादी/आवेदक द्वारा आपके के विरूद्ध व्यवहार वाद प्रकरण कमांक-07 अ/2023 मीना तिवारी प्रति सुजीत कुमार सिंह न्यायालय द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश अम्बिकापुर. जिला सरगुजा छ.ग. के समक्ष डिकी के निष्पादन हेतु व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा प्रकरण में प्रतिवादी को न्यायालय में उपस्थिति हेतु नोटिस प्रेषित की गई थी। किन्तु प्रतिवादी को नोटिस की तामिली न हो पाने के कारण प्रकरण में पेशी तिथि बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त प्रतिवादी को न्यायालीय प्रकरण में उपस्थिति होने हेतु नोटिस/ईस्तहार का प्रकाशन कराया जा रहा है।

अत आपको इस नोटिस/ईस्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक- 17.09.2026 को न्यायलयीन समय दिन में 11.00 बजे उपस्थित होकर स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता/अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत दिनांक को उपस्थित न होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में अथवा किन्हीं कारणवश न्यायलयीन स्थगित होने पर प्रकरण की सुनवाई अगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 08/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

(डॉ. सुमित कुमार सोनी)
न्यायालय-द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश

तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में तंबाकू उत्पादों की बिक्री एवं सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू सेवन की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम ने मंगलवार को मनेन्द्रगढ़ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में तंबाकू उत्पादों की बिक्री के विरुद्ध जांच एवं चालानी कार्रवाई की। संयुक्त टीम द्वारा मनेन्द्रगढ़ कलेक्ट्रेट के सामने एनएच-43, नदी पार मनेन्द्रगढ़ तथा पीडब्ल्यूडी तिराहा के आसपास संचालित ठेला, होटल, रेस्टोरेंट, किराना दुकान, चाय ठेला, पान दुकान एवं गुमटियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तंबाकू युक्त पदार्थों की बिक्री करते पाए गए दुकानदारों के विरुद्ध सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 की धारा 4 एवं 6 के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

न्यायालय तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर (छ.ग.)

रा. प्र.क्र. ब/121 वर्ष
ग्राम-तुलसी प.ह.नं.-13

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक होसल सिंह आ. शिवमंगल सिंह जाति गोंड निवासी ग्राम तुलसी प.ह.नं. 13. रा.नि.म...... तहसील लटोरी जिला सूरजपुर (छ.ग1) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र/पुत्री चित्रा सिंह का जन्म/मृत्यु दिनांक 15-12-24 को ग्राम तुलसी में हुई है। अज्ञानतावश मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत तुलसी को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 25/08/26 तक अपना आपत्ति इस न्यायायल में पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर काई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 10/08/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लटोरी
जिला-सूरजपुर छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र..... /अ-6/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. इदरिस आ.स्व. मो. यासीन व अन्य निवासी ग्राम फतेहपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम फतेहपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 475, 552, 559/1, 975/3, 994/2, 994/3, 996/2, 996/3 कुल रकबा 1.432 हे. भूमि के राजस्व अभिलेखो में पंजीबद्ध हक त्याग पत्र दिनांक 17.04.2026 के माध्यम से अनावेदक का नाम विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 07.09.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांकः 11/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

16वें वित्त आयोग के अनुरूप पंचायत विकास योजना तैयार करने पर जोर

मनेन्द्रगढ़। जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह की अध्यक्षता में ग्राम लाई स्थित अमृतधारा डीपीआरसी भवन में जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। योजनाओं का प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, जिला पंचायत सदस्य उजीत नारायण, अनीता चौधरी, अनीता सिंह, रामजीत लकड़ा, सुखमंती सिंह, बेलाकुंवर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए डबरी निर्माण, एग्रीस्टैक, कृषि उन्नति योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक में स्वास्थ्य एवं जनस्वास्थ्य से जुड़े विषयों को भी विशेष प्राथमिकता दी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने, स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण तैयार करने तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। स्थानीय स्वास्थ्य जरूरतों को पंचायत विकास योजना में शामिल करने तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर ग्रामीणों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

सर्पदंश से गंभीर युवक की गई जान

अम्बिकापुर। पत्नी के साथ जमीन पर सो रहे युवक के ओंठ को जहरीले सांप से डस लिया। युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम कंदरई निवासी पुर नारायण सिंह आ. बुधनाथ राम (36 वर्ष) रविवार की रात पत्नी के साथ घर के जमीन पर सो रहा था। इसी दौरान देर रात करैत सांप ने उसके होंठ में काट लिया। सांप के काटने पर युवक उठा पर घटना की जानकारी पत्नी को दी।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

मनेन्द्रगढ़। एमसीबी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का जिला स्तरीय शुभारंभ स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ में कलेक्टर संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाकर की गई। इस दौरान अधिकारियों ने बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव, स्वच्छता के महत्व तथा कृमि मुक्ति से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक विकास के लाभों की जानकारी दी।

4 श्रम संघों का धरना-प्रदर्शन, जीएम को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोल इंडिया के गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण जेबीसीसीई-12 के गठन में हो रहे विलंब के विरोध में सोमवार को बैकुंठपुर क्षेत्र में चार प्रमुख श्रम संघों एचएमएस, एईटीयूसी, ईनटीयूसी एवं सीईटीयू के संयुक्त तत्वावधान में धरना-प्रदर्शन किया गया।

श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन के माध्यम से जेबीसीसीई-12 के गठन में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जेबीसीसीई वेतन समझौते के माध्यम से कोयला उद्योग के गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के वेतन, भत्तों एवं अन्य सेवा संबंधी मुद्दों का समाधान होता है, इसलिए इसके गठन में अनावश्यक विलंब से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। धरना-प्रदर्शन के उपरांत श्रम संघों के प्रतिनिधिमंडल ने कोयला मंत्री के नाम महाप्रबंधक, बैकुंठपुर क्षेत्र के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जेबीसीसीई-12 का गठन शीघ्र किए जाने तथा कर्मचारियों से जुड़े लंबित मुद्दों पर जल्द वार्ता शुरू करने की मांग की गई। श्रमिक नेताओं ने कहा कि कोयला उद्योग के कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए जेबीसीसीई-12 का गठन बिना किसी और विलंब के किया जाना चाहिए।

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 अगस्त 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण
टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग
नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING
·DEEMED COLLEGE
·COUNSELLING
·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
·FORM FILLUP ASSISTANCE
·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA
9109920477

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खॉसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओ का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 09 अगस्त, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY
LAPAROSCOPIC SURGEON

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆नसों का रोग ◆मानसिक रोग
◆त्वचा एवं बालों का रोग ◆स्त्री रोग ◆मूत्र संबंधी रोग
◆मधुमेह (डायबिटीज़)◆नेत्र रोग◆किडनी संबंधी रोग
◆पेट संबंधी विकार ◆थायराइड मांसपेशी का रोग
◆अस्थमा ◆ मोटापा◆मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
बिना इंजेक्शन
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
बिना टांके
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना पट्टी
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
(MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

बिलासपुर, बुधवार, 12 अगस्त 2026 haribhoomi.com सरगुजा हरिभूमि 5

श्री डी. के सोनी

छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष - हिल द वर्ल्ड फाउंडेशन, दिल्ली
छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष - राष्ट्रीय मानव अधिकार संसाधन विकास संस्था, नागपुर
छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष - अखिल भारतीय स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन
अध्यक्ष - सरगुजा सोसाइटी फॉर जस्टिस, अम्बिकापुर
संरक्षक - सरगुजा सीने आर्ट एसोसिएशन, अम्बिकापुर
सदस्य - नेशनल फेडरेशन ऑफ़ सोसाइटी फॉर फ़ास्ट जस्टिस, दिल्ली
सदस्य - सरगुजा स्वर्णकार समाज

पारिवारिक जानकारी
पिता: **स्व. रामजी प्रसाद सोनी**
माता: **श्रीमती किरोधा देवी**
पत्नी: **श्रीमती रजनी सोनी**
जन्मदिन: **12 अगस्त 1976**

DK MOVIE COMING SOON

शिक्षा: **बीए, एलएलबी, पी.एच.डी. डॉक्टर ऑफ फिलोस्पी**
कार्यक्षेत्र: **सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ वकालत, सामाजिक और आरटीआई कार्यकर्ता।**

पुत्र: **स्पर्श सर्राफ**
इंटरनेशनल स्पीड बॉल खिलाड़ी हैं जो कई मेडल जीतकर सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किये हैं।

पुत्र: **शौर्य सर्राफ**
फेंसिग (तलवारबाजी) का नेशनल खिलाड़ी हैं जिनके द्वारा भी कई मेडल जीतकर सरगुजा का नाम रोशन किया गया है। शौर्य सर्राफ का जन्मदिन 13 अगस्त को है।

कर्म को ही आराधना मानकर समर्पण की पेश की बड़ी मिसाल भ्रष्टाचार के खिलाफ ब्रम्हास्त्र - डॉ. डी.के.

एक शख्स जिसने भ्रष्टाचार को रोकने आवाज़ उठाई, एक शख्स जिसने गांव की गलियों से लेकर सरकारी दफ्तरों और न्यायालय तक भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी, कोई इन्हें आरटीआई एक्टिविस्ट के नाम से जानता है तो कोई इन्हें समाजसेवी कहता है। कई नामों से जाने जानेवाले इस शख्स ने भ्रष्टाचार के खिलाफ ऐसी लड़ाई लड़ी है कि लाखों रुपये का अर्थदंड भ्रष्टाचारियों को भरना पड़ा है। लोगों को मनरेगा की लंबित मजदूरी से लेकर ठेकेदारों द्वारा रोके गये रकम तक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस नेक कार्य के लिए इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया गया है। इस शख्स ने अपनी एक अलग पहचान प्रदेश में कायम की है। पेशे से अधिवक्ता और अम्बिकापुर निवासी दिनेश सोनी अर्थात डॉ. डी के सोनी से कौन वाकिफ नहीं है। जिनके नाम से ही भ्रष्टाचारियों कि नींद हराम हो जाती है।

डॉ. डी.के. सोनी जो की छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य जिले सरगुजा के अंबिकापुर में रहते हैं और वकालत के साथ-साथ आरटीआई कानून के माध्यम से आदिवासियों के हित के मुद्दो को हमेशा उठाया है, भ्रष्ट अधिकारियों और राजनेता के विरुद्ध कई मामलों में कार्यवाही कराते देखे गए हैं। मनरेगा योजना में लगभग 5 करोड़ से ज्यादा की रिकवरी अधिकारियों से इन्होंने कराई है। सड़क, स्कूल, बिजली, पानी जैसे बुनियादी सुविधाओं सहित अन्य योजनाओं व भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं। इस के आलावा ग्राम न्यायालय की स्थापना कराने और घर पर न्याय की परिकल्पना को पूरा कराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका भी लगाई है, इसके अलावा सरगुजा के घने जंगलों जिसमे हसदेव अरण्य आता है उसे कोल उत्खनन के लिए काटने की अनुमति दे दी गई जिसको लेकर इन्होंने सुप्रीम कोर्ट में राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के खिलाफ भी जनहित याचिका लगाया है। जल, जंगल और आदिवासियों की जमीन को बचाने की दिशा में ये एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी तरह समय समय पर और भी जनहित के कार्यों में खेल संघों को आगे बढ़ाने में इनकी विशेष रुचि है। छत्तीसगढ़ राज्य के सुदूर वनांचल क्षेत्र अंबिकापुर से आने वाले आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ. डी.के सोनी जी जो पेशे से अधिवक्ता भी हैं उनके द्वारा हमेशा से भ्रष्टाचार, न्याय में देरी एवं विभिन्न क्षेत्र में समाज सेवा हेतु अनेक उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं जिसके लिए उन्हें समय-समय पर सम्मानित भी किया गया है।

डॉ. डी.के सोनी आम जन के लिए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम और शीघ्र न्याय प्रदान करने हेतु अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से हमेशा जमीनी एवं कानूनी लड़ाई लड़ते रहे हैं इसी कड़ी में उन्होंने ग्राम न्यायालय के गठन के लिए भी एक लंबी लड़ाई जारी रखी हुई है।

सरगुजा सोसायटी फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष, आरटीआई एक्टिविस्ट, समाजसेवी, अधिवक्ता डॉ. डी.के सोनी वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में उपभोक्ता हितों के संरक्षण और पीड़ित उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने हेतु उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष, सदस्य और कर्मचारियों की नियुक्ति, आधारभूत संरचनाओं के निर्माण तथा ई फाइलिंग जैसे बुनियादी व्यवस्थाओं के लिए जमीनी स्तर पर विरोध प्रदर्शन सहित आरटीआई के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में भी इंटरविनर बनकर लड़ाई लड़ रहे हैं।

सरगुजा सोसायटी फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष एवं आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ. डी.के सोनी जी ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 एवं नियम 2020 में व्याप्त त्रुटि जैसे जिला आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों में अनुभव में अंतर को सुधार हेतु जिससे वरिष्ठ पद अध्यक्ष के लिए अधिवक्ता का केवल 7 वर्ष का अनुभव होना और कनिष्ठ पद सदस्य के लिए 15 वर्ष के अनुभव असंतुलित को सुधार करना, नियुक्तियों में राजनैतिक हस्तक्षेप पूर्णता खत्म करना, चयन समिति द्वारा चयन प्रक्रिया पूरा कर लिए जाने के बाद नियुक्ति प्रदान करने हेतु समय सीमा तय करना, अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हेतु पूर्व सदस्यों के कार्यानुभव को भी अनुभव में शामिल करना, सुनवाई की पूरी प्रक्रिया में मध्यस्थता को शामिल करना तथा मध्यस्थता अधिनियम के अंतर्गत वर्तमान मध्यस्थता की व्यवस्था में सुधार कर कंपनियों द्वारा अपने मध्यस्थ पैनल को विवाद उत्पन्न होने वाले राज्य में होने की अनिवार्यता लागू करना जैसे कई और सुधार हेतु जमीनी और कानूनी लड़ाई के साथ साथ संबंधित विभाग, सर्वोच्च व उच्च न्यायालय, राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को भी उक्त त्रुटियों और की जाने वाली सुधारों से अवगत कराया गया है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ 20 वर्षों का निर्णायक संघर्ष

अधिवक्ता डॉ. डी. के. सोनी का व्यक्तित्व असाधारण है, जिन्होंने पिछले 20 वर्षों से अपना जीवन पारदर्शिता और न्याय की लड़ाई को समर्पित कर दिया है...

- **कानूनी हथियार** : 4000 से अधिक आरटीआई आवेदन दाखिल किए और 18 से अधिक जनहित याचिकाएँ दायर की हैं।
- **ऐतिहासिक मामले** : न्याय सुनिश्चित करने के लिए वह 3 ऐतिहासिक मुकदमे सुप्रीम कोर्ट तक ले गए।
- **गरीबों के लिए पैरवी** : उन्होंने गरीब मजदूरों, आदिवासियों और वंचित तबकों के लिए निःशुल्क सैकड़ों मुकदमों की पैरवी की है, जिसमें पहाड़ी कोरबा जैसे विशेष आदिवासी समूहों को न्याय दिलाना शामिल है।
- **प्रमुख अभियान** : उन्होंने वन संरक्षण को बढ़ावा दिया, मनरेगा घोटाले का सफलतापुर्वक पर्दाफाश किया, और भ्रष्टाचार व अवैध भूमि अधिग्रहण के खिलाफ निर्णायक संघर्ष किया।
- **न्यायिक व्यवस्था में निर्णायक भूमिका** : गरीबो और जरुरतमंदों को शीघ्र न्याय दिलवाने के लिए सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस की स्थापना की। डॉ. डी.के. सोनी स्वर्णकार समाज की राष्ट्रीय संस्था स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष हैं और सरगुजा स्वर्णकार समाज के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

• चुनौतियां और समर्पण

बतौर अधिवक्ता, डॉ. डी. के. सोनी ने अधिकारियों और यहां तक कि सरकार को भी कटघरे में खड़ा किया है। इस दौरान उन्हें जान से मारने की धमकियों, झूठे मुकदमों और गलत आरोप जैसी व्यक्तिगत चुनौतियों का सामना करना पड़ा तथा वर्तमान में भी करना पड़ रहा है, लेकिन उन्होंने अपने रास्ते से हटना स्वीकार नहीं किया।

• प्रेरणादायी जीवन पर बनी फिल्म

उनकी इस संघर्षयात्रा को जल्द ही हिन्दी फिल्म के रुप में बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। उन्हें इससे पहले 'पृथ्वी रत्न' और 'ग्लोबल आइकन' समेत 51 अलग-अलग मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है, और बागेश्वर धाम के अलावा कई राज्यों के राज्यपाल एवं केन्द्रीय मंत्री तथा विदेशों में भी सम्मान प्रदान किया गया ।

विनीत : समस्त मित्रगण एवं शुभेच्छु, जिला - सरगुजा

स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष, सरगुजा सोसायटी फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष, आरटीआई एक्टिविस्ट, समाजसेवी, सरगुजा सिनेआर्ट एसोसिएशन के संरक्षक एवं अधिवक्ता

डॉ. डी.के. सोनी जी

को जन्मदिवस की

हार्दिक शुभकामनायें

खबर संक्षेप

महामना मालवीय फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों के अध्ययन नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम, किया गया पौधरोपण भी

अम्बिकापुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरगवा में महामना मालवीय फाउंडेशन के तत्वावधान में विद्यार्थियों के अध्ययन, व्यक्तित्व विकास एवं नशा मुक्ति के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन, संस्कार एवं सकारात्मक सोच के महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया। साथ ही नशे से होने वाले सामाजिक एवं व्यक्तिगत दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। अतिथियों, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थियों को लगाए गए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महामना मालवीय फाउंडेशन के अध्यक्ष बीएस सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, रणविजय सिंह तोमर, जीडी सिंह, हरिशंकर सिंह एवं श्री द्विवेदी सहित विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिंह, श्रीमती पूर्णिमा अवस्थी, अशोक राय, श्रीमती सुजाता सिंह, श्रीमती प्रमिला शर्मा, श्रीमती प्राची सिंह एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे

बलरामपुर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंजा शहर

बलरामपुर। जिला मुख्यालय में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा कलेक्टर बंगला से प्रारंभ होकर हाई स्कूल तक निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय बैंक सरगुजा संभाग के अध्यक्ष रामकिशुन सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने की। तिरंगा यात्रा के दौरान विद्यार्थियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारों के साथ पूरे उत्साह से सहभागिता की। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया। वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से नागरिकों में राष्ट्र प्रेम, देश की एकता एवं अखंडता की भावना को और मजबूत करने का संदेश दिया गया। इस दौरान गोपाल मिश्रा, श्रीमती हीरामुनि निकुंज, धीरज सिंह देव, बलवंत सिंह, भानु प्रकाश दीक्षित, अजय गुप्ता, मुकेश गुप्ता, जितेंद्र श्रीवास्तव, गौतम सिंह, अजय यादव, प्रवीण गुप्ता, मंगलम पांडेय, सुषमा मिंज, सुमित्रा चेरवा, मंजू भट्ट, अर्पणा दीक्षित, विजय प्रताप सिंह, गुरुदेव सिंह, रजनी सोनी सहित भाजपा के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

नगर में पहली बार निकलेगी ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

प्रतापपुर। नगर में पहली बार 13 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा राष्ट्र प्रेम, राष्ट्रीय एकता, भारतीय संस्कृति और वीर शहीदों की गौरव गाथा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। साथ में म्यूजिकल ग्रुप द्वारा रोड शो देश भक्ति कार्यक्रम के साथ में नगर भ्रमण करेगी। सुबह 11 बजे स्टेडियम ग्राउंड बस स्टैंड से शुरू होकर 5 सौ मीटर विशाल तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। आयोजकों के अनुसार यात्रा में करीब 7 से 10 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। स्कूली छात्र-छात्राओं से लेकर कॉलेज विद्यार्थी, महिलाएं, पुरुष, अधिकारी-कर्मचारी और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होंगे। कार्यक्रम में विधायक शकुंतला सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वहीं कलेक्टर रैना जमील की उपस्थिति रहेगी तथा एसडीएम ललिता भगत की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न होगा।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवती की गई जान

सेदम। खेत में काम कर रही युवती अचानक आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मानपुर निवासी मानकुमारी आ. हरिहर (26 वर्ष) मंगलवार को खेत में काम करने गई थी। युवती खेत में लगी धान की फसल से घास निदाई कर रही थी। इसी दौरान दोपहर लगभग 2.30 बजे अचानक मौसम बदलने तथा तेज गरज चमक के साथ बारिश शुरू हुई। बारिश के दौरान अचानक आकाशीय बिजली खेत में गिरी जिसके चपेट में आने से युवती की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

बच्चों को लाने-ले जाने करते हैं उपयोग

निजी स्कूलों में संचालित वेन सहित ऑटो का शिक्षा परिवहन विभाग के पास नहीं कोई रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

खास बात

- फिटनेस जांच नहीं होने से कभी भी हो सकता बड़ी दुर्घटना

जिले में संचालित निजी स्कूलों की मनमानी अब बच्चों पर भारी पड़ सकता है। जिला मुख्यालय सहित आसपास में संचालित निजी स्कूलों से बच्चों को घर से लाने और ले जाने वेन सहित ऑटो वाहन संचालित है। हैरानी की बात तो यह है कि शायद निजी स्कूल प्रबंधन और शिक्षा विभाग के अलावा परिवहन विभाग के पास उनका कोई रिकॉर्ड है। यहां तक की वाहन की फिटनेस सही है या नहीं और इसकी भी कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में वाहनों के फिटनेस सही नहीं होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है जो बच्चों के लिए काफी खतरनाक हो सकता है।

जिला मुख्यालय के अलावा आसपास क्षेत्र में एक दर्जन से भी ज्यादा प्राइवेट स्कूल संचालित है। लेकिन कितने प्राइवेट स्कूल मुख्यालय में संचालित है इसका डाटा शिक्षा विभाग के पास नहीं है। इसके अलावा कितने प्राइवेट स्कूलों में किस नंबर की बस, ऑटो, टैक्सी संचालित है इसका भी डाटा शायद परिवहन विभाग के पास नहीं है। समय पर जांच नहीं होने से क्षेत्र में प्राइवेट स्कूल अपनी मनमानी तरीके से संचालित कर रहे हैं। निजी स्कूलों में बस, टाटा मैजिक, ऑटो सहित अन्य वाहनों का संचालन में किया जा रहा है लेकिन परिवहन विभाग जिला मुख्यालय से बाहर जांच व कार्रवाई में व्यस्त है ऐसे में मुख्यालय में इसकी धज्जियां उड़ाई जा रही है। ऐसा ही एक मामला मुख्यालय स्थित एक प्राइवेट स्कूल में देखने को मिल रहा है जहां छोटे-छोटे बच्चों को खटारा स्कूली वाहन से लाने ले जाने का काम किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिस वाहन का उपयोग बच्चों को लाने ले जाने के लिए किया जाता है उस वाहन का प्रदूषण, फिटनेस,बीमा के अलावा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज फेल हो चुका है। इसके अलावा बस में फास्ट एंड किट बॉक्स, सीसीटीवी, फायर सेफ्टी, आपातकालीन निकासी द्वार, पैनिक बटन जैसे सुविधा उपलब्ध नहीं है। जबकि बस में यह भी स्पष्ट रूप से अंकित नहीं है कि यह बस किस स्कूल के लिए संचालित है और इसे कौन ड्राइवर चलाता है और चालक का मोबाइल नंबर भी स्पष्ट रूप से अंकित नहीं है। सबसे बड़ी बात यह है कि बस लगभग 8 से 10 साल पुरानी है जिस में नियम अनुसार डिजिटल नंबर प्लेट लगना है वह भी इसमें नहीं लगा है। ऐसे में सहज अंदाज लगाया जा सकता है कि डिजिटल नंबर प्लेट जिस बस में न लगा हो उस बस की स्थिति कैसी होगी। हैरानी की बात तो यह है कि बस में कहीं स्कूल बस लिखा है तो कहीं कॉलेज बस, कही नर्सिंग कॉलेज लिखा है जिससे संबंधित विभागों को स्कूल मालिक द्वारा भ्रमित करने का अंदाजा लगाया जा रहा है।

स्कूली बस।

अन्य कार्यों में वाहन का उपयोग

सूत्रों के मुताबिक निजी स्कूल में संचालित बस कई बार परिवहन विभाग द्वारा बच्चे लाने ले जाने के अलावा अन्य कार्यों में संलग्न चेकिंग के दौरान पकड़ा जा चुका है। लेकिन स्कूल संचालक की पकड़ ऊंचा होने के कारण बार-बार बस छूट जाती है। जिस बस से स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों को लाना ले जाने के काम किया जाता है उस बस का विभाग में पंजीकृत भी नहीं है। ऐसे में बस में कहीं कॉलेज, स्कूल तो कहीं पर नर्सिंग कॉलेज लिखा है।

समय समय की जाती है जांच

समय-समय पर सभी स्कूल बसों की जांच की जाती है। कमियां पाए जाने पर जुर्माना की कार्रवाई की जाती है और सभी दस्तावेज दुरुस्त करने के लिए एक पखवाड़े से लेकर एक महीने तक का अधिकतम समय दिया जाता है। अप्रैल 2019 से पहले की सभी गाड़ियों में डिजिटल नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है। डिजिटल नंबर प्लेट नहीं लगाने पर जुर्माना का प्रावधान है। स्कूल बसों का संचालन करने वाले सभी स्कूल बसों की शिकायत पश्चात तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कमी पाए जाने पर उचित जुर्माना भी किया जाएगा।

-यशवंत यादव, जिला परिवहन अधिकारी

ढलाई के नाम पर महिला से हड़प ली पीएम आवास की 80 हजार की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

- बुजुर्ग महिला ने की शिकायत, एसडीएम ने दिए जांच के निर्देश

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत आवास का निर्माण अधूरा रहने और ढलाई के नाम पर कथित रूप से 80 हजार रूपए लिए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत चिपरकाया निवासी विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय की वृद्ध महिला केदली बाई ने एक आवास मित्र पर रकम लेने का आरोप लगाते हुए थाना बतौली में शिकायत की है। शिकायत में वृद्धा ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास के निर्माण के दौरान ढलाई कराने के लिए उससे 80 हजार लिए गए। आरोप है कि रकम लेने के बाद भी ढलाई का कार्य नहीं कराया गया और राशि वापस मांगने पर भी उसे वापस नहीं किया गया। महिला ने कथित रूप से दुर्व्यवहार और धमकी दिए जाने की बात भी शिकायत में कही है। वृद्धा के अनुसार आवास का निर्माण पूरा नहीं होने के कारण उसे रहने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया है कि केदली बाई अकेली रहती हैं। उनका कोई बेटा नहीं है, जबकि बेटियों की शादी हो चुकी है। ऐसे में अधूरा आवास उनके लिए गंभीर समस्या बना हुआ है और उन्हें दूसरे लोगों के घर में आश्रय लेकर रहना पड़ रहा है। मामले को लेकर थाना बतौली में शिकायत दिए जाने के बाद अब पुलिस और प्रशासन की जांच महत्वपूर्ण हो गई है। शिकायत में लगाए गए 80 हजार लेने के आरोपों की वास्तविकता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

इस मामले में सीतापुर एसडीएम फ़गेश सिन्हा ने कहा कि मामले की शिकायत मिली है जांच हेतु जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया है।

आवास योजना की निगरानी पर भी सवाल

लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राही के आवास निर्माण की प्रगति की निगरानी और सत्यापन की व्यवस्था है। ऐसे में प्रशासनिक जांच में यह स्पष्ट किया जाना जरूरी है कि केदली बाई के आवास के लिए कितनी राशि स्वीकृत एवं जारी हुई, निर्माण की स्थिति क्या दर्ज की गई और मौके पर वास्तविक स्थिति क्या है। यदि जांच में वृद्धा द्वारा लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं पीड़िता के अधूरे आवास को भी नियमानुसार पूर्ण कराने की दिशा में प्रशासन को तत्काल पहल करनी चाहिए। लोगों ने कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम एवं जनपद पंचायत प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

गोधनपुर में शासकीय मूल्य की दुकान का शुभारंभ

अम्बिकापुर। गोधनपुर वार्ड में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के नवीन शाखा का आज शुभारंभ किया गया। बड़ी आबादी वाले गोधनपुर में शासकीय उचित मूल्य की दुकान की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। कई बार इसकी मांग उठती रही है। लंबी प्रतीक्षा के बाद आज गोधनपुर के मुख्य मार्ग वसुंधरा बिहार रोड स्थित श्रेद्धेय कॉम्पलेक्स में शासकीय उचित मूल्य के नए दुकान का शुभारंभ किया गया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनोज कंसारी, मण्डल महामंत्री निरंजन राय एवं वार्ड पार्षद निरंजन राय ने सभी वार्डवासियों की उपस्थिति में फीता काटकर उक्त दुकान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर वार्डवासियों को बधाई देते हुए मण्डल अध्यक्ष मनोज कंसारी ने कहा कि इस दुकान के खुलने से वार्डवासियों को राशन की उपलब्धता ज्यादा आसान होगी। वार्ड पार्षद शिवमंगल सिंह ने कहा कि मेरा प्रयास हमेशा से यही रहा है कि वार्डवासियों को किसी भी सुविधा को हासिल करने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। मुख्य मार्ग में इस दुकान के खुलने से वार्ड की जनता को अब पहले से ज्यादा आसानी के साथ राशन मिल सकेगा। मेरी कोशिश रहती है कि शासन की किसी भी लाभकारी योजना से वार्डवासी वंचित न रहने पाए। दुकान के शुभारंभ पश्चात सभी उपस्थित वार्डवासियों को स्वल्पाहार कराया गया। दुकान के शुभारंभ के शुभ अवसर पर वार्ड के सीनियर एसके सिंह, एके उपाध्याय, वटेश्वर उपाध्याय, गुरूचरण सिंह, एसके शर्मा, विमल सिन्हा, गुरूचरण सैनी, अजय दुबे, रंजीत चौबे, ललन सिंह, बच्चा सिंह, हीरा सिंह, संजय बारी, अजय सिन्हा, राहुल सिंह, बंटी शर्मा, गुड्डा सरदार, चंदू विश्वकर्मा, राजेश सिंह, शोभा, मुस्कान, जतिन ललित, इंद्रजीत, रजत सिन्हा, आकाश, राजेश सिंह आदि उपस्थित थे।

सदस्यता सत्यापन को लेकर क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में ट्रेड यूनियनों की सदस्यता सत्यापन प्रक्रिया को लेकर मंगलवार को आयोजित क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति आरजेसीसी की महत्वपूर्ण बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में सदस्यता सत्यापन की तिथियों से लेकर कर्मचारियों के सत्यापन स्थल, बीमार एवं अवकाश पर रहने वाले कर्मचारियों तथा विभिन्न खदानों व सहक्षेत्र कार्यालयों में सत्यापन की व्यवस्था को लेकर स्थिति स्पष्ट की गई।

बैठक में लिए गए निर्णयों के बाद अब सदस्यता सत्यापन की प्रक्रिया को लेकर कर्मचारियों और यूनियनों के बीच बनी असमंजस की स्थिति काफी हद तक दूर होने की उम्मीद है। प्रबंधन द्वारा बैठक की कार्यवाही का मिनट जल्द जारी किए जाने के बाद प्रत्येक यूनिट में बैठक आयोजित कर सत्यापन का समय और संबंधित खदान अथवा कार्यस्थल निर्धारित किया जाएगा।बैठक में तय किया गया कि सदस्यता सत्यापन के लिए 10, 11 एवं 19 सितंबर की तिथियां निर्धारित की गई हैं। इनमें 19 सितंबर की तारीख विशेष रूप से उन कर्मचारियों के लिए रखी गई है, जो 10 एवं 11 सितंबर को स्वीकृत अवकाश पर रहेंगे या बीमारी के कारण ड्यूटी से अनुपस्थित होंगे। बैठक में अस्थाई कर्मचारियों को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। तय किया गया कि अस्थाई कर्मचारियों का सदस्यता सत्यापन उनके वर्तमान कार्यस्थल पर ही किया जाएगा।

इससे ऐसे कर्मचारियों को सत्यापन के लिए किसी दूसरे स्थान पर जाने की परेशानी नहीं होगी। बैठक का एक महत्वपूर्ण निर्णय एकल सदस्यता वाले कर्मचारियों से संबंधित रहा। यदि किसी कर्मचारी की सदस्यता केवल एक यूनियन में है और इसको लेकर कोई आपत्ति दर्ज होती है, तो उसका सत्यापन केवल नोटा के रूप में किया जाएगा। कुम्दा सहक्षेत्र के कर्मचारियों का सदस्यता सत्यापन केवल सहक्षेत्र कार्यालय में एक ही स्थान पर किया जाएगा। इससे अलग-अलग इकाइयों में सत्यापन को लेकर होने वाली असुविधा और भ्रम की स्थिति समाप्त होगी। इसी तरह आरजीके सहक्षेत्र कार्यालय एवं रेहर खदान के कर्मचारियों का सदस्यता सत्यापन भी एक ही स्थान पर किया जाएगा। इसके लिए रेहर को सत्यापन केंद्र निर्धारित किया गया है। बैठक में यह भी तय किया गया कि गायत्री एवं केतकी खदानों के कर्मचारियों का सदस्यता सत्यापन उनकी संबंधित खदानों में ही कराया जाएगा। इससे कर्मचारियों को दूर स्थित किसी अन्य सत्यापन केंद्र तक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक में यह भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि 10 एवं 11 सितंबर को बीमारी की छुट्टी या स्वीकृत अवकाश पर रहने वाले कर्मचारियों, जिनका सदस्यता सत्यापन 19 सितंबर को किया जाना है, उनकी सूची 13 सितंबर को उपलब्ध कराई जाएगी।

इस व्यवस्था से 19 सितंबर को होने वाले सत्यापन के लिए पात्र कर्मचारियों की पहचान पहले ही स्पष्ट हो जाएगी और अंतिम समय में किसी प्रकार की परेशानी की संभावना कम होगी।

पुलिसकर्मियों के लिए तनाव प्रबंधन व नशा मुक्ति कार्यशाला

बिश्रामपुर । पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में 10वीं वाहिनी में संचालित रिफ्रेशर कोर्स के सप्तम सत्र के दौरान सोमवार को तनाव प्रबंधन एवं नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। सेनानी 10वीं वाहिनी प्रशांत कतलम के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तनाव से प्रभावी ढंग से निपटने तथा नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए जागरूक करना रहा। कार्यक्रम नशा मुक्त भारत अभियान एवं मिशन स्पंदन विकसित भारत की ओर एक सशक्त कदम के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित 10 करोड़ नशा मुक्ति शपथ मेगा अभियान के तहत आयोजित किया गया। कार्यशाला में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, अंबिकापुर से पधारीं ब्रह्माकुमारी संजू दीदी, ब्रह्माकुमारी उमा सिंह, सुरेंद्र कुमार दुबे एवं जीतन राम ने उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को तनाव प्रबंधन और नशा मुक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। राजयोग और सकारात्मक सोच से तनाव पर नियंत्रण कार्यशाला में बताया गया कि पुलिस सेवा में ड्यूटी की प्रकृति के कारण तनाव होना स्वाभाविक है। लगातार कार्य का दबाव, विषम परिस्थितियों में ड्यूटी तथा जिम्मेदारियों के निर्वहन के बीच तनाव को नियंत्रित करना आवश्यक है। इसके लिए राजयोग मेडिटेशन, सकारात्मक सोच, नियमित दिनचर्या और संतुलित जीवनशैली को प्रभावी माध्यम बताया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि मानसिक शांति और सकारात्मक दृष्टिकोण से न केवल तनाव कम किया जा सकता है, बल्कि कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है। पुलिसकर्मियों को अपने दैनिक जीवन में ध्यान एवं सकारात्मक चिंतन को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। नशा समाधान नहीं, विनाश का कारण नशा मुक्ति सत्र के दौरान बताया गया कि नशा तनाव या परेशानियों का समाधान नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के शरीर, मन और परिवार को धीरे-धीरे विनाश की ओर ले जाता है। नशे की आदत व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करती है। ऐसे में नशे से पूरी तरह दूर रहकर स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने का आह्वान किया गया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई गई। साथ ही नशा मुक्ति अभियान में उत्कृष्ट सहभागिता के लिए ब्रह्माकुमारी प्रजापिता संस्था की ओर से 10वीं वाहिनी को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यशाला से रिफ्रेशर कोर्स एवं वाहिनी मुख्यालय में पदस्थ कुल 60 अधिकारी-कर्मचारी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में सहायक सेनानी एवं एड्जुटेंट बी.पी. सिंह, सहायक सेनानी प्रशिक्षण सुधीर कुजूर, कंपनी कमांडर एवं सीडीआई पंकज तिवारी, प्लाटून कमांडर एवं सूबेदार मेजर शिवाजी यादव, सहायक प्लाटून कमांडर ईश्वरीय साहू, सहायक उप निरीक्षक (एमटी) राजेंद्र यादव, रामस्वरूप कुशवाहा, राजेश यादव, प्रधान आरक्षक सहदेव सिंह तोमर, अशोक साहू, आरक्षक योगेश कुमार साहू सहित प्रशिक्षण स्टाफ एवं वाहिनी मुख्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

भाजपा हमें आदिवासी के रूप में नहीं करती स्वीकार, कहती है वनवासी : प्रेमसाय

- विश्व आदिवासी दिवस के अघोषित बहिष्कार और उपेक्षा का लगाया आरोप

अंबिकापुर। प्रदेश एक पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि संघ परिवार और भाजपा हमें आदिवासी के रूप में स्वीकार ही नहीं करती, वो तो हमें वनवासी कहती है, जबकि आजादी के बाद कांग्रेस की कल्याणकारी नीतियों के परिणामस्वरूप आज आदिवासी समाज के लोग शिक्षित हो देश के विकास में अन्य समुदाय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सहित बड़ी संख्या में आदिवासी मंत्री और विधायक इस सरकार में मौजूद हैं, लेकिन ये सभी आदिवासी दिवस पर अपने समुदाय की उपेक्षा पर चुप है।

पूर्व मंत्री श्री टेकाम मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। कांग्रेस का आरोप है कि 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समुदाय बहुल छत्तीसगढ़ राज्य में सरकार की ओर से कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किये गए। भारत की राष्ट्रपति और प्रदेश के मुख्यमंत्री जो स्वयं आदिवासी समाज से आते हैं उनके द्वारा कोई भी बधाई संदेश तक जारी नहीं किया गया। इस दौरन पूर्व मंत्री श्री टेकाम ने कहा कि आदिवासी समुदाय के महान विरासत को भाजपा चौक चौराहे पर मूर्तियों में कैद कर आदिवासियों के वोटबैंक के लिए टोकनिज्म की राजनीति करती है। एक ओर भाजपा हमे वनवासी कहती है वहीं पूरे प्रदेश में हमारे वन के साथ ही कृषि भूमि को अपने खास उद्योगपति को परोस हमें संसाधन विहीन कर रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि भाजपा को यह नहीं भूलना चाहिए कि आदिवासी बहुल सरगुजा संभाग की 14 सीटों सहित बस्तर, कोरबा जैसे जिलों से प्राप्त आदिवासी समुदाय के समर्थन से उन्होंने यह सरकार बनाई है। 2023 के पहले हरेक विश्व आदिवासी दिवस पर बधाई देने वाली भाजपा आदिवासी समाज के समर्थन से सरकार बनाने के बाद वैचारिक रूप से इतनी दरिद्र हो गई है कि उसने प्रदेश के 32 प्रतिशत की बड़ी आबादी वाले सर्व आदिवासी समाज के लिए एक सार्वजनिक आयोजन करना तो दूर एक बधाई संदेश भी जारी करना उचित नहीं समझा। उन्होंने भाजपा द्वारा आदिवासियों को वनवासी कहने की निंदा की है।

प्रेसवार्ता के दौरान मो इस्लाम, इंद्रजीत सिंह धंजल, राशिद अहमद, लोकेश कुमार, जमील खान, आलोक सिंह, गुरुप्रीत सिद्धू, नरेंद्र विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

क्षेत्र में नहीं थम रहा रेत का अवैध खनन एवं परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- खनिज विभाग की सांठगांठ से रेत माफिया धड़ल्ले से कर रहे अवैध कारोबार

एनजीटी के सख्त पाबंदी के बाद भी नगर समेत क्षेत्र में रेत का अवैध खनन एवं परिवहन थम नहीं रहा है। रेत माफिया जिस अंदाज में नियमों को ताक पर रखकर नदी एवं नालों से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन कर रहे है उसे देख ऐसा लगता है कि रेत माफिया एनजीटी से भी ऊपर हो गए हैं। प्रशासन के नाक के नीचे खुलेआम रेत का अवैध कारोबार होने से अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे है।

विदित हो नगर समेत क्षेत्र में लगातार हो रहे बारिश के बाद भी रेत का अवैध खनन एवं परिवहन धड़ल्ले से चल रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण एक बार फिर से मंगलवार को दोपहर में उस वक्त देखने को मिला जब रेत से भरा ट्रैक्टर ग्राम सोनातराई स्थित रेत के डिपो में खाली करने के बाद सबूत के तौर पर चालक उसका वीडियो बनाकर रेत माफिया को भेज रहा था। इन दिनों मांड़ नदी के सारे घाट बंद होने की वजह से ग्राम भिठुवा स्थित मांड़ नदी अवैध रेत खनन एवं परिवहन का केंद्र बना हुआ है। रेत माफियाओं के इशारे पर ग्राम भीठुवा स्थित मांड नदी का सीना छलनी करते हुए धड़ल्ले से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन किया जा रहा है।इस काम को ट्रैक्टर के जरिये अंजाम दिया जा रहा है ताकि पुलिस या अधिकारी इस पर जल्दी हाथ न डाल सके। ट्रैक्टर सुबह से लेकर शाम तक बिना किसी बाधा के मांड़ नदी से रेत खनन करते है और उसे ग्राम सोनातराई स्थित मनोज अग्रवाल के रेत डिपो में लाकर डंप करते हैं। दिन भर रेत भंडारण करने के बाद ररत माफिया उसे हाइवा एवं टिपर वाहन के जरिये रातोरात बाहर खपा देते है। कई बार तो ऐसा भी हुआ है कि दिनदहाड़े रेत से भरी हाइवा पुलिस एवं प्रशासन के नाक के नीचे से गुजर जाते है और अधिकारी कार्यवाही करने के बजाए देखते रह जाते हैं। जबकि मौजूदा समय में केंद्र सरकार की संस्था एनजीटी ने रेत खनन पर पूरी तरह पाबंदी लगा रखी है।इसके बाद भी मांड़ नदी से हो रहे रेत के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कोई कार्यवाही न होना खनिज विभाग की मंशा पर सवाल खड़े करता है।जिस बेखौफ अंदाज में यह काम हो रहा है उसे देखकर तो यही लगता है रेत माफियाओं के लिए एनजीटी के नियम और प्रशासन कोई मायने नहीं रखता है जबकि विभाग को यह पता है कि रेत के इस अवैध कारोबार से माफिया मोटी कमाई कर रहे हैं और इससे शासन को लाखों का राजस्व नुकसान झेलना पड़ रहा है। इसके बाद भी अधिकारी शासन का साथ देने के बजाए रेत माफियाओं के सामने घुटने टेकते हुए रेत के अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं।यही वजह है कि सालों से मांड़ नदी में चल रहे रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रशासन एवं खनिज विभाग आज तक रोक नही लगा पाई है।

इस संबंध में खनिज निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया की ग्राम सोनातराई स्थित रेत डंपिंग ग्राउंड में छापामारी की गई थी। मौके पर रेत पाये जाने पर मनोज अग्रवाल के विरुद्ध नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।उन्होंने कहा कि फिलहाल एनजीटी द्वारा रेत खनन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। एनजीटी के इस आदेश के परिपालन में रेत के अवैध खनन के विरुद्ध कार्यवाही जारी है।

रेत का अवैध संग्रहण।

12 अगस्त
स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष
सरगुजा सोसायटी फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष,
आरटीआई एक्टिविस्ट, समाजसेवी एवं अधिवक्ता
डॉ. डी. के. सोनी जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनायें
विनीत : हैप्पी फैमली ग्रुप, अम्बिकापुर

खबर संक्षेप

ओपीएस में एलीट ग्रुप का शपथ ग्रहण

अम्बिकापुर। ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के एलीट ग्रुप के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। स्कूल के हेड बॉयज प्रथम मोहम्मद रेहान खान व द्वितीय युवराज गर्ग, हेड गर्ल प्रथम अनुष्का श्रीवास्तव व द्वितीय निखत फातिमा ने शपथ ली। चारों हाउस के कैप्टन्स का चयन किया गया, जिसमें आइन्सटाइन हाउस के गुलाम आमीर, आयुष कुजुर, अविराज सोनी, यश जगदल्ला, सारा कुरैशी, मयूरी गर्ग, गरिमा गायकवाड, साक्षी कुजूर, कलाम हाउस के प्रयाग सोनी, करमन सिंह चहल, विक्का भगत, अदरित सिंह, अरबिया कुरैशी, श्री विश्वाकर्मा, हर्षिता पाण्डेय, फलक अंसारी, टैगोर हाउस के अनुभव गर्ग, अर्शलान खान, शुभांकर गुप्ता, समीरूदीन खान, आद्या मिश्रा, शाश्वी यादव, शिक्षा उपाध्याय, तोनिषा घोष शेक्सपियर हाउस के कैप्टन अभिसार पाण्डेय, आयुष गुप्ता, आयुष लकड़ा, तथागत सिद्धार्थ सिंह, अंशिका यादव, अफशा अंसारी, कनिष्का घोष, अंजली साहू ने निष्ठा एवं कर्तव्य निर्वहन की शपथ ली। विभिन्न समितियो के प्रीफेक्ट्स निकिता तिवारी, पारूषा खेमारिया, शैली प्रधान, कात्यायनी सोनी, श्रेया त्रिपाठी, शिक्षा चटर्जी, हर्षिता भगत, आशुतोष गोयल, तान्या सिंह, अक्षत गुप्ता, शैलेष गुप्ता, शादिया परवीन, रीफत नाज़, प्रियांशी पटेल, तनमय राज सिंह, सना अफरीन, सार्थक दास, सिमरन कुजूर, ध्रुव गुप्ता, श्रीजल गुप्ता, वैष्णवी गुप्ता, ने अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ ली। संस्थापक प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों द्वारा विद्यार्थियों में प्रजातंत्र के प्रति आस्था व नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अनुशासन, स्कूल नियमों के परिपालन, व्यवहार, कर्तव्य निष्ठा आदि का पालन कराने के संबंध में अवगत कराया।

जिले में सद्भावना स्वतंत्रता दौड़ का 14 को

अम्बिकापुर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि आम नागरिकों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के साथ मिल-जुलकर आगे बढ़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 14 अगस्त 2026 को सद्भावना स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। सद्भावना दौड़ का प्रारंभ प्रातः 6.30 बजे शा.बहु उमावि के खेल प्रांगण से प्रारंभ होकर गुरुनानक चौक, महामाया चैक, संगम चौक, घड़ी चौक से होते हुए सिविल कोर्ट के सामने गांधी स्टेडियम परिसर में सम्पन्न होगा। उन्होंने कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि, स्कूली छात्र व छात्राएं, आम नागरिक, अधिकारी/कर्मचारी, खिलाड़ी, खेल संघों के पदाधिकारियों से अपील किया है कि समाज में पारस्परिक सद्भाव बनाये रखने के उद्देश्य से उक्त तिथि व स्थान में प्रातः 6.30 बजे अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं व अधिक से अधिक संख्या में बढ़-चढ़ कर सद्भावना स्वतंत्रता दौड़ में शामिल हों।

एसआरएस हॉस्पिटल को मिली छत्तीसगढ़ शासन की स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत मान्यता

अम्बिकापुर। शहर के एसआरएस मेमोरियल एण्ड रिसर्च सेंटर को छत्तीसगढ़ शासन की स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत पैनल में शामिल किया गया है। अब योजना के अंतर्गत पात्र शासकीय अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके पात्र परिवार एसआरएस हॉस्पिटल में उपलब्ध विभिन्न चिकित्सा एवं विशेषज्ञ सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

निधन

डॉ. वीरेंद्र सिंह

सीतापुर। ग्राम सोनातराई निवासी डॉ वीरेंद्र सिंह का 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे विगत काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उपचार के दौरान इन्होंने अपने घर मे अंतिम सांसे ली। वे अमन सिंह के दादा थे। वे अपने पीछे ये भरापूरा परिवार छोड़ गये। इनका अंतिम संस्कार ग्राम मंगरेलगढ़ में मांड़ नदी के तट पर किया गया।

कृषि वैज्ञानिकों की पहल से आया बदलाव

समूह की महिलाएं फल, सब्जियों का प्रसंस्करण कर बना रही महंगी खाद्य सामग्रियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक एवं विद्यार्थियों की टीम स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों को फल एवं सब्जियों से कीमती एवं बहुपयोगी खाद्य सामग्री बनाने का प्रशिक्षण दे रहे हैं। समूह की प्रशिक्षित महिलाएं स्वयं द्वारा उत्पादित विभिन्न फलों एवं सब्जियों से स्वास्थ्य के अनुकूल जैली, जैम, शरबत, कैंडी, टूटी-फ्रूटी, माउथ फ्रेशनर सहित अन्य सामग्रियां तैयार कर रही है।

खास बात

- खराब होने वाले फल-सब्जियों को बनाया उपयोगी

सरगुजा में बड़े पैमाने पर विभिन्न फलों एवं सब्जियों की खेती होती है। एक ही समय पर बड़े पैमाने पर फसल तैयार होने के कारण इनकी उचित कीमत नहीं मिलती। पके फल सब्जियों को अधिक दिनों तक संरक्षित रखने का संसाधन भी उपलब्ध नहीं है ऐसे में बड़े पैमाने पर फल-सब्जियां सड़कर खराब हो जाती है। हर साल सरगुजा में बड़े पैमाने पर आम, अमरूद, जामुन, टमाटर आदि विपुल उत्पादन होने एवं कीमतें काफी कम होने के कारण खराब हो जाते हैं। इन सामग्रियों की कीमतें बेहद कम होने एवं बाजार तक ले आने की लागत अधिक होने के कारण किसान या तो उन्हें पशुओं को खिलाते हैं या फिर बेकार समझकर फेंक देते हैं। कृषि एवं उद्यानिकी वैज्ञानिक विज्ञान की मदद से नवाचार के माध्यम से समूह की महिलाओं एवं कृषकों को ऐसे फल-सब्जियों से कीमती खाद्य सामग्रियों को तैयार करने की तकनीक सिखा रहे हैं ताकि किसानों एवं समूह की महिलाओं की आय में वृद्धि होने के साथ ही वे आत्मनिर्भर हो सकें। वैज्ञानिकों के नवाचार से प्रेरित होकर समूह की महिलाएं अब तरह-तरह की खाद्य सामग्रियां तैयार कर रही है। इन खाद्य सामग्रियों को लोग पसंद भी कर रहे है। समूह की महिलाओं को बेहद कम लागत में अच्छी और उपयोगी सामग्री तैयार करने की तकनीक काफी पसंद आई है तथा वे इसे बड़ा स्वरूप देने के साथ ही व्यवसाय का स्वरूप देने की तैयारियां कर रही है।

मौसमी फलों का जेम-जेली बनाती महिलाएं।

हर साल लाखों का नुकसान

राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय की वैज्ञानिक श्रीमती अरूणिमा त्रिपाठी बताती हैं कि सरगुजा में बड़े पैमाने पर अमरूद, जामुन, कटहल, टमाटर की उपज होती है। अमरूद एवं जामुन के फल एक ही समय में पककर तैयार होते हैं जिसके कारण इनका उपयोग नहीं हो पाता तथा ये पेड़ों से गिरकर खराब हो जाते हैं। आम के आए फल एक-डेढ़ प्रतिशत ही पकने की स्थिति में पहुंचते हैं तथा शेष फल झड़ जाते हैं। इन फलों का उपयोग सिर्फ चटनी के लिए किया जाता है तथा बेकार हो जाते हैं। इसी तरह की स्थिति टमाटर की होती है। बड़े पैमाने पर कटहल का भी उपयोग नहीं हो पाता। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में इन फलों से जैम, जैली, शरबत, खट्टी-मीठी कैंडी, आचार सहित अन्य खाद्य सामग्री बनाकर इसे उपयोगी एवं कमाई का जरिया बनाने का तरीका कृषकों एवं समूह की महिलाओं को बताया जा रहा है। पाठ्यक्रम अंतर्गत रावे के विद्यार्थी चयनित गांवों में जाकर किसानों को इन फलों का प्रसंस्करण कर आय का साधन बढ़ाने का प्रशिक्षण दे रहे हैं वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से स्व.सहायता समूह की महिलाओं एवं कृषकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। समूह की महिलाएं विभिन्न तरह की खाद्य सामग्रियां तैयार भी कर रही है जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। कम लागत एवं पर्याप्त मांग के कारण यह विधि किसानों एवं स्व सहायता समूहों के आय का उत्कृष्ट माध्यम बन सकती है।

इन सामग्रियों का निर्माण

कृषि वैज्ञानिक श्रीमती अरूणिमा त्रिपाठी ने बताया कि जामुन की मसालेदार शर्बत, सिरका, कच्चे एवं पके अमरूद की जेली, जैम, पपीता कैंडी विभिन्न तरह के खट्टे-मीठे अचार, आम पापड़, आम के मुरब्बे सहित मिठाई व अन्य खाद्य सामग्रियों का प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही समूह की महिलाओं से निर्माण भी कराया गया है। सभी सामग्रियां स्वास्थ्य वर्द्धक एवं प्राकृतिक है। सभी खाद्य सामग्रियों के संरक्षण के लिए नमक एवं शक्कर का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।

ले सकता है कुटीर उद्योग का रूप

समूह की प्रशिक्षित महिलाएं इन खाद्य सामग्रियों का निर्माण कर रही हैं लेकिन अभी तक यह व्यवसायिक स्वरूप हासिल नहीं कर सका है। अच्छा नेतृत्व एवं आर्थिक सहयोग मिलने पर यह व्यवसाय कुटीर उद्योग के रूप में बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगार देने के साथ ही आत्मनिर्भर बना सकता है। कुशल नेतृत्व के अभाव में समूह की महिलाएं बाजार में अपनी पैठ नहीं बना सकी हैं।

आय बढ़ाना मुख्य उद्देश्य

किसानों एवं महिलाओं की आय बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाना हमारा उद्देश्य है। इस कार्य में महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक एवं रावे के विद्यार्थी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कम लागत में स्वास्थ्य के अनुकूल खाद्य सामग्री के निर्माण एवं विक्रय से अच्छी आय हासिल की जा सकती है।

-डॉ.एसके सिन्हा
डीन, कृषि महाविद्यालय

अवैध कटाई के संबंध में पूछताछ करने पर फॉरेस्टर पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण द्वारा जंगल से सागौन लट्ठा काटकर लाते देख फॉरेस्टर द्वारा पूछताछ करने से नाराज आरोपी ने फारेस्टर पर हमला कर दिया। आरोपी द्वारा किए गए सागौन लट्ठे के हमले से फारेस्टर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल फॉरेस्टर को उपचार के लिए डाल्टेनगंज भेजा गया है।

मंगलवार को तड़के फारेस्ट गार्ड पिंटू मालाकार रामानुजगंज स्थित वनवाटिका के पास खड़े होकर जंगल की निगरानी कर रहा था। इस दौरान मनोज भूइयां को अपनी पत्नी के साथ 5 फीट लम्बे सागौन लट्ठा को कंधे के सहारे ले आते देख वह आरोपी से लट्ठे के संबंध में पूछताछ करने लगा। फारेस्ट गार्ड द्वारा पूछताछ करने से नाराज मनोज भूइयां ने लट्ठे से फॉरेस्टर पर हमला कर दिया। हमले में फॉरेस्टर नीचे गिर गए तथा कान से खून बहने लगा आरोपी द्वारा विवाद करते देख पास में टहल रहे लोगों ने बीच-बचाव किया। घायल फॉरेस्टर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने सिर में लगी गंभीर चोट के कारण तत्काल सीटी स्कैन कराने एवं बेहतर उपचार के लिए रिफर करने की सलाह दी गई। घायल फारेस्टर को बेहतर उपचार के लिए परिजन डाल्टेनगंज ले गए हैं।

इस संबंध में रेंजर डॉ.दिलरूबा बानो ने बताया कि आरोपी मनोज भूइयां को पकड़ लिया गया है। घायल फारेस्टर का उपचार डाल्टेनगंज में चल रहा है।

देर रात ग्राहक सेवा केंद्र समेत किराना दुकान में चोरों ने बोला धावा

सीतापुर। देर रात ग्राम भवराडांड स्थित ग्राहक सेवा केंद्र समेत किराना दुकान में चोरों ने धावा बोला। इस दौरान चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और नगदी समेत किराना सामान चोरी कर ले गए। दुकान में चोरी करने आये चोर बड़े शातिर थे और उन्होंने सीसी टीवी से बचने के लिए अपना चेहरा ढंक रखा था। प्राप्त जानकारी अनुसार सत्यनारायण कुशवाहा का ग्राम भवराडांड में मांड़ नदी के किनारे मुख्य मार्ग से लगा किराने की दुकान और ग्राहक सेवा केंद्र है। यहाँ वो परिवार समेत रहकर दुकान का संचालन करते है। सोमवार की रात दुकान बंद करके सत्यनारायण कुशवाहा हमेशा की तरह दुकान के पीछे अपने घर में सो रहे थे तभी देर रात चोरों ने उनके दुकान पर धावा बोला और शटर का ताला तोड़कर दुकान के अंदर घुस गये। दुकान के अंदर घुसे चोरो ने पहले गल्ले में रखा नगदी नौ हजार रुपये पार किया और चले गये। थोड़ी देर बाद चोर फिर वापस आये और दुकान के अंदर से किराना सामान चोरी कर ले गये। चोरों ने चोरी करने से पहले सत्यनारायण कुशवाहा एवं उनके घर के बगल में रहने वाले रिश्तेदार के घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था। इसके साथ ही चोरो ने दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे से बचने के लिए अपना चेहरा ढंक रखा था। सुबह बड़ी मुश्किल से दरवाजा खोलने के बाद सत्यनारायण कुशवाहा बाहर आये तब देखा कि उनके दुकान एवं ग्राहक सेवा केंद्र का ताला टूटा हुआ था। चोरों ने शटर का ताला तोड़कर दुकान से नगदी नौ हजार रुपये समेत लगभग दस हजार रुपये का किराना सामान पार कर दिया था।इस घटना के बाद पीड़ति दुकानदार ने दुकान में हुई चोरी के संबंध में पुलिस को अवगत करा दिया है।

हर घर तिरंगा एवं नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मनेन्द्रगढ़ में रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रेड क्रॉस समिति के संयुक्त तत्वावधान में हर घर तिरंगा, नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम एवं नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक विशाल जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं स्वयंसेवकों की बड़ी संख्या में सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को मादक पदार्थों, तंबाकू, गुटखा, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना था।

महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई खेड़यि चौक पहुँची, जहाँ विद्यार्थियों द्वारा प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता संदेशों की प्रस्तुति दी गई। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा एवं आकर्षक स्लोगनयुक्त तख्तियाँ लेकर नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, नशे को जो अपनाएगा, पूरा जीवन पछताएगा, युवा शक्ति का एक ही नारा नशामुक्त हो देश हमारा जैसे नारों के माध्यम से जनसामान्य को जागरूक किया। नागरिकों ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

वेतन समझौते में देरी पर कोयला कर्मचारियों के संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल इंडिया लिमिटेड एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत लाखों गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण को लेकर श्रमिक संगठनों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है।

- 12 वें वेतन समझौते के लिए तत्काल वार्ता समिति गठित करने की मांग

11 वें राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौते की अवधि समाप्त होने के बाद भी 12 वें वेतन समझौते के लिए संयुक्त द्विपक्षीय कोयला उद्योग समिति की वार्ता समिति का गठन नहीं होने से कर्मचारियों में असंतोष गहराता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर सोमवार को संयुक्त ट्रेड यूनियनों एटक, एचएमएस, सीटू और इंटक के संयुक्त मोर्चे के आह्वान पर एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया गया।

वक्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही 12 वें वेतन समझौते के लिए वार्ता समिति का गठन नहीं किया गया और लंबित मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई, तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जा सकता है। सभा को संबोधित करते हुए श्रमिक नेताओं ने कहा कि 11 वें राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौते की अवधि 30 जून 2026 को समाप्त हो चुकी है। वहीं 12 वें वेतन समझौते की अवधि 1 जुलाई 2026 से प्रभावी होनी है। बावजूद इसके अभी तक नई वार्ता समिति के गठन की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। इस स्थिति ने कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत लगभग 2.25 लाख गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के बीच असमंजस, निराशा और आक्रोश की स्थिति पैदा कर दी है। श्रमिक संगठनों का कहना है कि वेतन समझौता केवल वेतन बढ़ोतरी का विषय नहीं है, बल्कि यह कर्मचारियों के वेतन, भत्तों, सुविधाओं और सेवा शर्तों से सीधे जुड़ा महत्वपूर्ण मसला है। ऐसे में वार्ता प्रक्रिया शुरू करने में हो रही देरी कर्मचारियों के हितों के साथ गंभीर खिलवाड़ है। संयुक्त मोर्चे ने केवल 12 वें वेतन समझौते के लिए वार्ता समिति गठित करने की मांग ही नहीं की, बल्कि 11 वें राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौते में तय किए गए शेष लंबित मुद्दों का भी तत्काल क्रियान्वयन किए जाने की मांग उठाई। सभा में आंदोलन के मुख्य वक्ता एटक से पंकज कुमार गर्ग, एचएमएस से रामाशीष पाल, सीटू से सुरेश पटेल तथा इंटक से अजीत यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि कोयला कर्मचारी देश की ऊर्जा व्यवस्था की रीढ़ हैं। विपरीत परिस्थितियों में काम करते हुए ये कर्मचारी देश के बिजलीघरों और उद्योगों को ऊर्जा का आधार प्रदान करते हैं। इसके बावजूद उन्हीं कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण को लेकर सरकार और प्रबंधन की ओर से अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। सभा को विभिन्न श्रम संगठनों से जुड़े हीरालाल, सजल मित्रा, आरके द्विवेदी, कामदेव सिंह, जया कुमारी, अरविंद सिंह, अप्पा राव एवं शिवाकांत मिश्रा सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

श्रमिक नेताओं ने चेताया कि यदि मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो कोयला कर्मचारी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को तेज करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में आंदोलन की स्थिति उत्पन्न होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी कोल इंडिया प्रबंधन एवं कोयला मंत्रालय की होगी। विरोध प्रदर्शन एवं सभा पश्चात संयुक्त मोर्चे के प्रतिनिधियों ने अध्यक्ष, कोल इंडिया लिमिटेड के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन एसकेपी शिंदे एवं सुरक्षा प्रभारी रात्रे को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र नागपुरे ने किया।

सिलफिली के प्राचार्य के विरुद्ध विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन, गेट पर जड़ा ताला

बिश्रामपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलफिली के प्राचार्य पर स्कूल स्टॉफ से अभद्रता एवं छात्राओं से अश्लील हरकत करने की शिकायत को लेकर मंगलवार की दोपहर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्राचार्य के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया, जिसके बाद स्कूल के प्रवेश द्वार में ताला जड़कर प्राचार्य के खिलाफ कार्यवाही और उन्हें विद्यालय से पृथक करने की मांग को लेकर घंटों प्रदर्शन किया,स्कूली बच्चों के विरोध प्रदर्शन की सूचना पर लटोरी तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल,बीईओ हरेंद्र सिंह सहित जयनगर पुलिस मौके पर पहुंच स्कूली बच्चों से बात कर उनका पक्ष जाना,बताया गया कि तहसीलदार सहित बीईओ ने प्राचार्य सहित स्कूली शिक्षकों से भी उनका पक्ष जानने बयान लिया जिसमें बच्चों की शिकायत सही मिली है,इसके बाद प्राचार्य के खिलाफ पखवाड़े भर के भीतर अनुशासनात्मक कार्यवाही का स्कूली बच्चों को आश्वासन दिया गया है साथ ही तात्कालिक रूप से प्राचार्य को संस्था से पृथक रखने विभागीय स्तर पर व्यवस्था किए जाने का लिखित आश्वासन मिलने के दो ढाई घंटे बाद बच्चों ने विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया है। हाई स्कूल के प्राचार्य पर आरोप लगाया गया है कि विद्यालय की महिला कर्मी के घर में अकेले रहने के बावजूद उसके घर में प्रवेश करने की कोशिश की गई। साथ ही महिला कर्मी पर दबाव बनाकर एक लाख रुपये की मांग करने सहित विद्यालय कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगाए गये हैं।

- मौके पर सूरजपुर बीईओ, लटोरी तहसीलदार ने पहुंचकर छात्र छात्राओं व शिक्षकों का बयान दर्ज किया

पेज 1 के शेष...

वायरल ऑडियो को लेकर बवाल : हंगामे के बाद...

अपने सभी विषयों को पास किया। बता दें कि बुधवार को शहर के राजमोहिनी देवी भवन में नगर निगम के सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक शुरू होते ही प्रश्न काल में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कला केंद्र मैदान के आबंटन के नाम पर पैसे मांगने के कथित आडियो का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि वायरल ऑडियो में नगर निगम की महापौर और भाजपा जिलाध्यक्ष पर आरोप लगे है। इस संबंध में महापौर ने आदिवासी थाने आवेदन दिया था लेकिन दो महीने बाद भी इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने मांग की सदन इस मामले में सर्व सम्मति से एक प्रस्ताव पास कर एसपी को प्रेषित करे और दो महीने में इस मामले की जांच कर सच्चाई जनता के सामने लाइ जाए। ननि नेता प्रतिपक्ष द्वारा इस मुद्दे को उठाते ही सत्ता पक्ष के एमआईसी सदस्य और पार्षद भड़क उठे और दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे पर तीखा हमला बोला। सत्ता पक्ष की ओर से लोनिवि प्रभारी मनीष सिंह ने आरोप लगाया कि विपक्ष प्रश्न काल के समय सदन को प्रभावित करने के लिए ऐसे मुद्दे उठा रहे है। विपक्ष को शहर के विकास और जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। इसके बाद ननि नेता प्रतिपक्ष ने जवाब देते हुए आरोप लगाया कि नगर निगम के प्लेसमेंट कर्मचारियों को चार महीने से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, शहर के सड़कों की स्थिति जर्जर है और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा है। शहर में सडकों के गड्ढे भरने के लिए दस लाख रूपए का प्रस्ताव लोनिवि प्रभारी ने बनाया लेकिन ननि आयुक्त ने इसपर स्वीकृति नहीं दी गई। शहर में पेयजल सप्लाई के नाम पर गड़बड़ी की गई। तकिया फिल्टर प्लांट से 1 करोड़ 75 लाख लीटर के स्थान पर 1 करोड़ 10 लाख लीटर पानी दिया जा रहा है जबकि घुनघुट्टा से 1 करोड़ 80 लाख लीटर के स्थान पर 1 करोड़ 20 लाख लीटर पानी दिया गया। इस दौरान मेंटेनेंस के नाम पर ठेकेदार को जो राशी दी गई वह जनता की राशि है जिसकी भरपाई होनी चाहिए। उन्होंने ननि क्षेत्र में अन्य समस्याओं के मुद्दों को उठाने के साथ ही फिर से एआई जनरेटेड ऑडियो को लेकर सदन में जवाब की मांग दोहराई। वहीं सत्ता पक्ष ने कहा कि विपक्ष सदन की गरिमा को बिगाड़ने का काम कर रहा है। महापौर को जनता ने चुनकर सदन में भेजा है।

बिना भेदभाव सभी वार्डों के लिए काम : मेयर- इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि नगर निगम की इस सरकार में 100 करोड़ रूपए का काम हुआ है। ग्रेविटी पाइप लाइन बिछाने के लिए काम शुरू होने वाला है, नमनाकला, बिशुनपुर और पुराना बस स्टैंड के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे थे इसलिए पानी टंकी का निर्माण कराया गया। सत्तीपारा में पाइप लाइन के विस्तार का कार्य कराया। उन्होंने कहा कि मैं मानती हूं की समस्याएं है और मूलभूत सुविधाओं के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पीएम नरेंद्र मोदी बोलते है सबका साथ सबका विकास और इसी के तहत हमने बिना भेदभाव के 48 वार्ड में निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी है जबकि मेरे कार्यकाल में पार्षद रहते हुए मुझे महज आठ लाख रूपए ही दिए गए थे। विपक्ष व्यतिगत रूप से मेरे पीछे पड़ा हुआ है। विद्युत समस्या के लिए हमने जमीन आबंटन किया है। मै महिला हूँ लेकिन मेहँदी लगाकर नहीं बैठी हूँ। हमने रोड लाईट का काम भी कराया है। उन्होंने कहा कि मै साधारण महिला हूँ मेरे पास मल्टी प्लेक्स हॉस्पिटल नहीं है जहां बैठकर लेटर लिखती हूं। विपक्ष सिर्फ मेरा अपमान ही करता रहता है और हर बार विषय से हटकर बात करते है। हम शहर के लिए काम कर रहे है।

आवाज नहीं आ रहा था तो माइक खिसका लिया : मंजूषा- आसंदी से आगे बढने को लेकर महापौर ने कहा कि आवाज नहीं आ रही थी इसलिए माइक को खिसका लिया। महापौर हूं उनके अनुसार उठू-बैठूं यह संभव नहीं है। हमने विकास कार्यों की बात से शुरुआत की लेकिन विपक्ष हमारे कार्य और सरकार द्वारा दी जा रही राशि से विपक्ष डरा हुआ है इसलिए बेबुनियाद आरोप लगा रहे है। महिला महापौर हूं और किसी से डरने वाली नहीं हूँ, डटकर सामना करूंगी। मैंने कोई हमला नहीं किया विपक्ष पर हम उनके आरोपों का जवाब दे रहे थे। हम उनको सम्मान दिया है। विकास कार्यों और एजेंडों पर चर्चा होना था किसी भी विषय पर चर्चा नहीं हो पाई।